हिन्दी में पी.एच.डी.

प्रवेश परीक्षा, 2018

00507

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है । खण्ड क और खण्ड ख के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

खण्ड क

1. अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में शोध की भूमिका और महत्त्व पर प्रकाश डालिए । *20*

अथवा

तुलनात्मक अनुसंधान-प्रविधि का तात्पर्य स्पष्ट करते हुए शोध में इसकी उपयोगिता पर विचार कीजिए ।

2. अनुसंधान की तैयारी के विभिन्न चरणों का परिचय दीजिए । *20*

अथवा

प्रबन्ध-परिकल्पना को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

3. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर टिप्पणी लिखिए : *10*

(क) अनुसंधान में विचारधारा का महत्त्व

(ख) प्रमाण-मीमांसा

(ग) शोध की सामाजिकता

खण्ड ख

4. रस की परिभाषा देते हुए साधारणीकरण की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए । *20*

अथवा

'नयी समीक्षा' के प्रमुख सिद्धान्तों की चर्चा कीजिए ।

5. भक्ति-आन्दोलन के उदय के विभिन्न कारणों का विश्लेषण कीजिए । *20*

अथवा

'गोदान' और 'मैला आँचल' का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

6. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर टिप्पणी लिखिए : *10*

(क) दलित साहित्य की अवधारणा

(ख) हिन्दी में स्त्री-लेखन

(ग) आधे-अधूरे में मध्यवर्ग